Australian Government
Department of Social Services

एक्सपेट्रिएट एडोप्शन (प्रवासी दत्तक ग्रहण) के जोखिमों को कम करना - संसाधन टूलकिट

इंटरकंट्री एडोप्शन (अंतर्देशीय दत्तक ग्रहण) टूलकिट में आपका स्वागत है।

कुछ ऑस्ट्रेलियाई लोग अन्य देशों से बच्चों को गोद लेने का चयन करते हैं।

विदेशों से बच्चा गोद लेने के दो प्रकार हैं - इंटरकंट्री एडोप्शन (अंतर्देशीय दत्तक ग्रहण) और एक्सपेट्रिएट एडोप्शन (प्रवासी दत्तक ग्रहण)।

- जब कोई (आस्ट्रेलिया में रहने वाला) आस्ट्रेलियाई नागरिक आस्ट्रेलियाई एडोप्शन प्राधिकारियों के माध्यम से विदेश से किसी बच्चे को गोद लेता है, तो इस प्रक्रिया को इंटरकंट्री एडोप्शन कहा जाता है।
- जब कोई ऑस्ट्रेलियाई नागरिक विदेश में रहते हुए किसी बच्चे को गोद लेता है, तो इस प्रक्रिया को एक्सपेट्रिएट एडोप्शन कहा जाता है। इस प्रकार के एडोप्शन मार्ग में कई जोखिम शामिल होते हैं।

विदेश से बच्चा गोद लेने की इच्छा रखने वाले आस्ट्रेलियाई लोगों को आस्ट्रेलिया के विनियमित इंटरकंट्री एडोप्शन (ICA) कार्यक्रम के माध्यम से बच्चा गोद लेना होगा।

ICA कार्यक्रम के माध्यम से, ऑस्ट्रेलिया ने हेग एडोप्शन कन्वेंशन (Hague Adoption Convention) के सिद्धांतों का पालन करने वाले देशों के साथ इंटरकंट्री एडोप्शन साझेदारियों को विनियमित किया है, जो कि एक अंतरराष्ट्रीय संधि है और इसके उद्देश्य हैं:

- बच्चों और उनके परिवारों को मानव-तस्करी, और गैर-कानूनी एवं अनुचित रूप से तैयार किए गए विदेशी एडोप्शन से सुरक्षा प्रदान करना।
- इंटरकंट्री एडोप्शन प्रक्रिया में बच्चे के सर्वोत्तम हित को ध्यान में रखा जाना सुनिश्चित करना।

एक्सपेट्रिएट एडोप्शन के उपयोग की सलाह नहीं दी जाती है क्योंकि इसमें अनुचित या गैरकानूनी एडोप्शन प्रथाओं का जोखिम अधिक होता है। एक्सपेट्रिएट एडोप्शन हेग एडोप्शन कन्वेंशन के अंतर्गत आने वाले रक्षोपायों के अधीन नहीं आता है।

इस टूलकिट में विभिन्न प्रकार के डिजिटल संसाधन प्रदान किये गए हैं, जिन्हें आप ऑस्ट्रेलिया के इंटरकंट्री एडोप्शन कार्यक्रम के बारे में और साथ ही एक्सपेट्रिएट एडोप्शन के जोखिमों के बारे में अपने परिचितों को बताने के लिए इस्तेमाल कर सकते/ती हैं।

इस संदेश को लोगों तक पहुँचाने में हमारी मदद करें

गोद लेने वाले अधिकांश माता-पिता नेक इरादा रखते हैं। लेकिन ऐसा हो सकता है कि उन्हें विदेशी एडोप्शन प्रक्रिया में शामिल कठिनाइयों और जोखिमों के बारे में जानकारी न हो, और साथ ही इस प्रकार के एडोप्शन को ऑस्ट्रेलिया में मान्यता न दिए जाने के बारे में भी पता न हो।

यह महत्वपूर्ण है कि गोद लेने वाले भावी माता-पिता इस प्रक्रिया में सम्भवत: उनके सामने आने वाली चुनौतियों और जोखिमों से अवगत हों।

हम चाहते हैं कि आप इस किट में मौजूद संसाधनों को अपने परिचितों के साथ साझा करें, ताकि इंटरकंट्री एडोप्शन के बारे में और साथ ही एक्सपेट्रिएट एडोप्शन के जोखिमों के बारे में जागरुकता बढ़े। जानकारी को आसानी से साझा करने के लिए, आप DSS वेबसाइट, [पृष्ठ का नाम] वेबपेज: Expatriate Adoption Websiteपर उपलब्ध संसाधन भी देख सकते/ती हैं।

इस किट में क्या शामिल किया गया है

इस किट में आपको विभिन्न प्रकार की सामग्रियाँ मिलेंगी, जिन्हें आप अपने संगठन के अंदर और बाहर साझा कर सकते/ती हैं।

इनमें विभिन्न प्रकार की उच्च-स्तरीय विज़ुअल डिजिटल सामग्री शामिल है। इस सामग्री को आपकी वेबसाइट, सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म, न्यूज़लेटर्स और नोटिसबोर्ड पर आसानी से साझा करने के लिए विकसित किया गया है। आप इस सामग्री को अपने दर्शकों और समुदाय के बीच चल रही गतिविधियों और चर्चाओं में भी शामिल कर सकते हैं।

किट में निम्नलिखित सामग्री शामिल है:

- मुख्य संदेश
- सोशल मीडिया सामग्री एवं टाइल्स
- न्यूज़लेटर/वेबसाइट सामग्री
- सूचनात्मक वीडियो के लिंक।

मुख्य संदेश

निम्नलिखित मुख्य संदेशों के नमूने गोद लेने वाले किन्हीं भावी माता-पिता को इंटरकंट्री एडोप्शन के बारे में और साथ ही एक्सपेट्रिएट एडोप्शन के जोखिमों के बारे में बताने में आपकी सहायता के लिए दिए गए हैं।

- यदि संभव हो, तो बच्चे का पालन-पोषण उसके जन्म के देश में ही किया जाना चाहिए और स्थानीय समाधान उपलब्ध न होने पर ही इंटरकंट्री एडोप्शन का उपयोग किया जाना चाहिए। ऑस्ट्रेलिया की इंटरकंट्री एडोप्शन नीतियाँ इस सिद्धांत को दर्शाती हैं।
- कुछ विशेष परिस्थितियों में, आस्ट्रेलियाई नागरिक अन्य देशों से बच्चों को गोद ले सकते हैं। विदेशों से बच्चा गोद लेने के दो प्रकार हैं, इंटरकंट्री एडोप्शन और एक्सपेट्रिएट एडोप्शन।
- जब कोई (आस्ट्रेलिया में रहने वाला) आस्ट्रेलियाई नागरिक आस्ट्रेलियाई एडोप्शन प्राधिकारियों के माध्यम से विदेश से किसी बच्चे को गोद लेता है, तो इस प्रक्रिया को इंटरकंट्री एडोप्शन कहा जाता है।
- जब कोई ऑस्ट्रेलियाई नागरिक विदेश में रहते हुए किसी बच्चे को गोद लेता है, तो इस प्रक्रिया को एक्सपेट्रिएट एडोप्शन कहा जाता है। इस प्रकार के एडोप्शन में कई जोखिम शामिल होते हैं।
- एक एक्सपेट्रिएट (प्रवासी) के तौर पर गोद लेने की प्रक्रिया में अधिक जोखिम शामिल होते हैं। एक्सपेट्रिएट एडोप्शन के मामलों में, आस्ट्रेलियाई एडोप्शन प्राधिकारी ऑस्ट्रेलियाई कानून द्वारा आवश्यक सामान्य आकलन या अनुमोदन करने में असमर्थ होती हैं।
- यदि आप एक्सपेट्रिएट एडोप्शन के साथ आगे बढ़ते/ती हैं, तो ऐसा हो सकता है कि एडोप्शन परिस्थितियाँ बच्चे के ऑस्ट्रेलिया में प्रवेश के लिए आव्रजन आवश्यकताओं को पूरा न कर सकें।
- इसके साथ ही, यह भी हो सकता है कि इस एडोप्शन प्रक्रिया को आपके राज्य या टेरिटरी कानून के तहत कानूनी मान्यता प्राप्त नहीं हो।
- यह महत्वपूर्ण है कि आप अपने और गोद लिए जाने वाले बच्चे, दोनों के लिए गंभीर कानूनी और नैतिक जोखिमों की जानकारी से अवगत रहें। और अधिक जानकारी प्राप्त करने के लिए, एक्सपेट्रिएट एडोप्शन तथ्य पत्रक | सामाजिक सेवाएँ विभाग और बच्चा गोद लेने के लिए विदेश जाना | Smartraveller पढ़ें।
- विदेश से बच्चा गोद लेने की इच्छा रखने वाले आस्ट्रेलियाई लोगों को आस्ट्रेलिया के विनियमित इंटरकंट्री एडोप्शन कार्यक्रम के माध्यम से बच्चा गोद लेना होगा।

- यह कार्यक्रम हेग एडोप्शन कन्वेंशन (Hague Adoption Convention) का पालन करता है और इसका उद्देश्य बच्चों और उनके परिवारों को मानव-तस्करी, और गैर-कानूनी एवं अनुचित रूप से तैयार किए गए विदेशी एडोप्शन से सुरक्षा प्रदान करना है।
- ऑस्ट्रेलिया ने हेग एडोप्शन कन्वेंशन के सिद्धांतों का पालन करने वाले देशों के साथ इंटरकंट्री एडोप्शन साझेदारियों को विनियमित किया है। और अधिक जानकारी प्राप्त करने के लिए साझेदार देश | इंटरकंट्री एडोप्शन पर जाएँ।
- किसी बच्चे को गोद लेने के आपके सफर में सहायता के लिए, इंटरकंट्री एडोप्शन ऑस्ट्रेलिया (Intercountry Adoption Australia) आपको जानकारी और समर्थन प्रदान कर सकता है।
- विदेश से बच्चे को गोद लेने में कई चुनौतियाँ शामिल होती हैं। यह सोचना आपके लिए महत्वपूर्ण है कि क्या विदेश से बच्चा गोद लेना आपके और आपके परिवार के लिए सही है।
- और अधिक जानकारी प्राप्त करने के लिए इंटरकंट्री एडोप्शन ऑस्ट्रेलिया की वेबसाइट Intercountry Adoption website पर जाएँ।

न्यूज़लेटर/वेबसाइट

नीचे प्रदान की गई सामग्री आपके लिए अपने न्यूज़लेटर या वेबसाइट पर साझा करने के लिए दी गई है। आप इसे अपनी पसंदीदा शैली के अनुरूप बदल सकते/ती हैं।

क्या आप ऑस्ट्रेलियाई नागरिक हैं, जो विदेश से किसी बच्चे को गोद लेना चाहते/ती हैं?

यदि संभव हो, तो बच्चे का पालन-पोषण उसके जन्म के देश में ही किया जाना चाहिए, लेकिन स्थानीय समाधान उपलब्ध नहीं होने पर विदेश से बच्चे को गोद लेने का विकल्प उपलब्ध है।

कुछ ऑस्ट्रेलियाई लोग अन्य देशों से बच्चों को गोद लेने का चयन करते हैं।

विदेशों से बच्चा गोद लेने के दो प्रकार हैं, इंटरकंट्री और एक्सपेट्रिएट एडोप्शन:

- *जब कोई (आस्ट्रेलिया में रहने वाला) आस्ट्रेलियाई नागरिक आस्ट्रेलियाई एडोप्शन प्राधिकारियों के माध्यम से विदेश से किसी बच्चे को गोद लेता है, तो इस प्रक्रिया को इंटरकंट्री एडोप्शन कहा जाता है।*
- *जब कोई ऑस्ट्रेलियाई नागरिक विदेश में रहते हुए किसी बच्चे को गोद लेता है, तो इस प्रक्रिया को एक्सपेट्रिएट एडोप्शन कहा जाता है। इस प्रकार के एडोप्शन में कई जोखिम शामिल होते हैं।*

एक्सपेट्रिएट एडोप्शन के मामलों में, आस्ट्रेलियाई एडोप्शन प्राधिकारी ऑस्ट्रेलियाई कानून द्वारा आवश्यक सामान्य आकलन या अनुमोदन करने में असमर्थ होते हैं। इन जाँचों के बिना यह संभव है एडोप्शन की प्रक्रिया ऑस्ट्रेलिया में मान्यता के लिए कानूनी आवश्यकताओं को पूरा न करे।

गोद लेने वाले अधिकांश माता-पिता नेक इरादे के होते हैं। लेकिन ऐसा हो सकता है कि उन्हें इस प्रकार की एडोप्शन प्रक्रिया में शामिल गंभीर कानूनी और नैतिक जोखिमों के बारे में जानकारी न हो। और अधिक जानकारी प्राप्त करने के लिए Smartraveller वेबसाइट पर एडोप्शन पेज़ देखें।


एडोप्शन प्रक्रिया की सुरक्षित रूप से व्यवस्था करने और बच्चे के सर्वोत्तम हित को सुनिश्चित करने के लिए, इसे इंटरकंट्री एडोप्शन कार्यक्रम के माध्यम से, ऑस्ट्रेलिया में रहते हुए आगे बढ़ाएँ।


यह कार्यक्रम हेग एडोप्शन कन्वेंशन का पालन करता है। इसका उद्देश्य बच्चों और उनके परिवारों को मानव-तस्करी, और गैर-कानूनी एवं अनुचित रूप से तैयार किए गए विदेशी एडोप्शन से सुरक्षा प्रदान करना है।

और अधिक जानकारी प्राप्त करने के लिए यह वीडियो देखें या Intercountry Adoption website पर जाएँ।

सोशल मीडिया सामग्री एवं टाइल्स।

आपके द्वारा अपने चैनलों पर साझा करने के लिए सोशल मीडिया टाइल्स और संबंधित सामग्री विकसित की गई है, जिसे आप अपने संगठन की शैली के अनुरूप बदल सकते/ती हैं।

विषय	उदाहरण कॉपी	टाइल
बच्चा गोद लेने के दो प्रकारों के बीच अंतर	क्या आप विदेश से किसी बच्चे को गोद लेना चाहते/ती हैं? विदेशों से बच्चा गोद लेने के दो प्रकार हैं, इंटरकंट्री एडोप्शन (अंतर्देशीय दत्तक ग्रहण) और एक्सपेट्रिएट एडोप्शन (प्रवासी दत्तक ग्रहण): • जब कोई (आस्ट्रेलिया में रहने वाला) आस्ट्रेलियाई नागरिक आस्ट्रेलियाई एडोप्शन प्राधिकारियों के माध्यम से विदेश से किसी बच्चे को गोद लेता है, तो इस प्रक्रिया को इंटरकंट्री एडोप्शन कहा जाता है। • जब कोई ऑस्ट्रेलियाई नागरिक विदेश में रहते हुए किसी बच्चे को गोद लेता है, तो इस प्रक्रिया को एक्सपेट्रिएट एडोप्शन कहा जाता है। एक्सपेट्रिएट एडोप्शन में कई जोखिम शामिल होते हैं। और अधिक जानकारी www.smartraveller.gov.au/before-you-go/activities/adoption से प्राप्त करें। ऑस्ट्रेलियाई सरकार के इंटरकंट्री एडोप्शन कार्यक्रम के बारे में जानकारी प्राप्त करने के लिए www.dss.gov.au/intercountry-adoption पर जाएँ।	 Video files available here.
एक्सपेट्रिएट एडोप्शन के जोखिम	क्या आप विदेश में रहते हुए बच्चा गोद लेना चाहते/ती हैं? गोद लेने वाले अधिकांश माता-पिता का नेक इरादा होता है। लेकिन ऐसा हो सकता है कि उन्हें विदेशी एडोप्शन प्रक्रिया में शामिल कठिनाइयों और जोखिमों के बारे में जानकारी न हो। जोखिमों के बारे में जानना सुनिश्चित करें। www.smartraveller.gov.au/before-you-go/activities/adoption पर जाएँ। और अधिक जानकारी प्राप्त करने के लिए यह तथ्य पत्रक पढ़ें: www.dss.gov.au/intercountry-adoption/resource/expatriate-adoption-factsheet।	 Video files available here.

एक्सपेट्रिएट एडोप्शन के जोखिम	यदि आप विदेश में रहने वाले/ली ऑस्ट्रेलियाई व्यक्ति हैं और बच्चा गोद लेने के बारे में सोच रहे/ही हैं, तो आपके लिए इसमें शामिल जोखिमों को जानना महत्वपूर्ण है। एक्सपेट्रिएट एडोप्शन के मामले में, आस्ट्रेलियाई एडोप्शन प्राधिकारी ऑस्ट्रेलियाई कानून द्वारा आवश्यक सामान्य आकलन या अनुमोदन करने में असमर्थ होते हैं। इन जाँचों के बिना, यह संभव है कि एडोप्शन प्रक्रिया ऑस्ट्रेलिया में मान्यता के लिए कानूनी आवश्यकताओं को पूरा नहीं करे। और अधिक जानकारी प्राप्त करने के लिए www.dss.gov.au/intercountry-adoption/resource/expatriate-adoption-factsheet तथ्य पत्रक पढ़ें एवं www.smartraveller.gov.au/before-you-go/activities/adoption पर जाएँ।	 Video files available here.
एक्सपेट्रिएट एडोप्शन को मान्यता प्राप्त नहीं है	विदेशों में रहते हुए किसी बच्चे को गोद लेने वाले कुछ ऑस्ट्रेलियाई लोग ऑस्ट्रेलिया वापस लौटने पर स्वयं को कठिन स्थिति में पा सकते हैं। एक्सपेट्रिएट एडोप्शन के जोखिमों के बारे में जानकारी की जांच करें। विदेश से बच्चा गोद लेने की इच्छा रखने वाले आस्ट्रेलियाई व्यक्तियों को आस्ट्रेलिया के इंटरकंट्री एडोप्शन कार्यक्रम के माध्यम से बच्चा गोद लेना होगा। और अधिक जानकारी प्राप्त करने के लिए, www.dss.gov.au/intercountry-adoption पर जाएँ।	 Video files available here.

क्या आप और अधिक जानकारी प्राप्त करना चाहते/ती हैं? हमसे संपर्क करें:

Email info@intercountryadoption.gov.au